आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 29.10.2020

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 27 अक्टूबर से 02 नवम्बर 2020 तक मनाया जा रहा है।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत आरेडिका में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें दिनांक 28.10.2020 को आरेडिका के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य हितधारको के लिए संगठन की नीतियों/प्रक्रियाओं, निवारक सतर्कता उपायों एवं कार्य निविदा/सेवा निविदा विषय पर वेब–आधारित संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के आयोजक एवं मुख्य वक्ता सीएमई/पी श्री शैलेन्द्र कुमार रावत एवं पीसीई श्री राम वृक्ष यादव ने कार्य निविदा एवं सेवा निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। वेब के माध्यम से जुड़े अधिकारियों/कर्मचारियों ने इसमे बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया एवं जानकारी हासिल की।

इसी कम में आज दिनांक 29.10.2020 को दो कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पहला कार्यक्रम गणेश इंटर कॉलेज, ऐहार में हुआ जहॉ उपस्थित शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा दिलाने के उपरांत ''सतर्क भारत, समृद्ध भारत'' विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागी विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया। दूसरा कार्यक्रम आरेडिका के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य हितधारकों के लिए संगठन की नीतियों/प्रक्रियाओं, निवारक सतर्कता उपायों एवं भंडार निविदा विषय पर वेब–आधारित संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/फर–।। श्री योगेश कुमार एवं उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/एम&पी श्री मनोज कुमार, ने भंडार निविदा से संबंधित विषयों की विस्तृत जानकारी दी।

आरेडिका के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री मनोज कुमार अग्रवाल ने इस वर्ष के विषय ''सतर्क भारत, समृद्ध भारत'' की महत्ता को बताते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से अधिकारियों/कर्मचारियों में सही एवं विधि सम्मत कार्य करने के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

Rujnr 29/10/2020

(राकेश रंजन)

कृते मुख्य जन संपर्क अधिकारी